हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 7 अगस्त 2025



जनदर्शन में आवास, राशन व शौचालय के ज्यादा आवेदन





## खबर संक्षेप

### जिले में 799.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 6 अगस्त तक 794.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 3.6 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू.अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 865.4 मिली मीटर, पुसौर में 798.3, खरसिया में 711.7, घरघोड़ा में 833, तमनार में 555.4, लैलूंगा में 743.3, मुकडेगा में 1009.3, धरमजयगढ़ में 745.8, छाल में 724.5 एवं कापू में 1007.8 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रायगढ़।** कोतरारोड़ पुलिस ने एक युवती के अपहरण और दुष्कर्म के गंभीर मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक प्रभात सिदार 20 साल को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। मामले की जानकारी अनुसार 4 अगस्त को स्थानीय युवती ने थाना कोतरारोड़ पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका जान.पहचान का युवक प्रभात सिदार पिछले दो वर्षों से एकतरफा प्रेम करता था। युवती ने बताया कि 3 अगस्त को प्रभात जबरन उसके घर में घुस आया और उसे पकड़कर खींचते हुए बाहर ले जाने लगा। जब परिवार वालों ने बीच बचाव किया तो आरोपी ने उनके साथ भी मारपीट की और धमकी दी कि अगर वह उसके साथ नहीं गई तो वह परिवार को जान से मार देगा। भयभीत होकर पीड़िता उसके साथ मोटरसाइकिल में बैठ गई। आरोपी प्रभात सिदार पीड़िता को एक होटल ले गयाए जहां जबरन उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद 4 अगस्त को उसे जांजगीर होते हुए बिलासपुर ले जाने की कोशिश कर रहा था कि रास्ते में पुलिस की मौजूदगी देखकर आरोपी मोटरसाइकिल लेकर भाग गया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। इसके बाद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी प्रभात सिदार को जांजगीर.चांपा से गिरफ्तार किया।

### मारपीट मामले में नाबालिग समेत तीन पकड़े गए

**रायगढ़।** ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में एक 17 वर्षीय किशोर से लगातार पैसे की मांग कर रहे एक नागालिग समेत तीन आरोपियों को कोतरारोड़ पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। पीड़ित किशोर ने घटना की रिपोर्ट 5 अगस्त को थाना कोतरारोड़ में दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, किशोर ट्रांसपोर्ट नगर स्थित एक टायर दुकान में कार्यरत है, जहां लगभग एक वर्ष से मोहल्ले के तीन युवक कृष्णा यादव, पवन पासवान और उसका साथी उसे रास्ते में रोककर गाली गलौच करते हुए पैसे की मांग कर रहे थे। 4 अगस्त की शाम जब वह अपने घर के सामने पुल के पास बैठा था, तब तीनों आरोपी वहां पहुंचे और पुनः पैसे की मांग करने लगे। किशोर के मना करने पर उन्होंने उसे हाथ मुक्कों से बुरी तरह पीटा। हमले के दौरान आरोपी कृष्णा यादव ने अपने हाथ में पहना हुआ चूड़ा निकालकर किशोर के सिर पर वार कर दिया।

# रिहाई के बाद कार में निकाला जुलूस, पुलिस ने उठक-बैठक करा निकाल दी हेकड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

**आरोपी फिर पहुंचा सलाखों के पीछे**

जेल से जमानत पर रिहा होने के बाद आदतन बदमाश ने किसी वीआईपी की तरह फूल माला पहने, कार के काफिलों के साथ शहर में जुलूस निकाला। इसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होते ही कोतवाली पुलिस हरकत में आई और आरोपी को दोबारा दबोचते हुए जमकर खातिरदारी की। इसके बाद उठक-बैठक करा कर उसकी हेकड़ी निकालते हुए उसे दोबारा सलाखों के पीछे भेज दिया। पुलिस की इस कार्रवाई की शहर में प्रशंसा हो रही है, वहीं इस तरह शोअप करने वाले अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है। दरअसल कोतरारोड बैकुंठपुर निवासी दुर्गेश महंत पिता चतुरदास महंत (21) ने करीब तीन माह पूर्व जूटमिल थाना क्षेत्र में बाराती बस को रोक कर मारपीट की थी। इस घटना के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर रिमांड पर जेल भेज दिया था। हाल ही में उसे जमानत मिली। इसकी खुशी में पहले से बनाए गए प्लानिंग के तहत दुर्गेश के साथ बड़ी संख्या में जिला जेल के बाहर पहुंचे। इसके बाद किसी वीआईपी की तरह जेल के बाहर ही फूल माला पहना कर उसका स्वागत किया गया। इसके बाद कार के काफिलों के साथ उसका जुलूस निकाला गया। इस जुलूस का वीडियो दुर्गेश के साथियों ने ही सोशल मीडिया में वायरल किया। आरोपी द्वारा जमानत मिलने पर इस तरह खुशी जाहिर करते हुए शोअप करने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरन होने से पुलिस की काफी किरकरी हुई। इसके बाद कोतवाली पुलिस भी हरकत में आ गई और तत्काली आरोपी को फिर से गिरफ्तार कर थाना लाया गया। थाने में पहले पुलिस के जवानों ने उसकी खातिरदारी की, इसके बाद उठक-बैठक करा कर उसकी हेकड़ी निकाली और दोबारा उसे जेल भेज दिया गया। इस बार पुलिस ने भी आरोपी का वीडियो बना कर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया है।



### थानों में दर्ज हैं कई आपराधिक रिकार्ड

पुलिस ने बताया कि दुर्गेश महंत थाना कोतवाली क्षेत्र का आदतन बदमाश है, जिस पर बलवा, मारपीट, दहेज प्रताड़ना, आगजनी, आबकारी एक्ट जैसे कई संगीन अपराध दर्ज हैं। इसके अलावा अन्य थानों में भी उसके खिलाफ गंभीर आपराधिक रिकॉर्ड है।

# सिंचाई विभाग की लापरवाही से 18 किसानों पर टूटा दुखों का पहाड़, 6 एकड़ फसल बर्बाद..!

**विभाग ने साल्हेपाली में एनीकट तो बनाया, लेकिन रिटर्निंग वॉल बनाने नहीं दिया ध्यान, खेतों में घुसा पानी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जल संसाधन (सिंचाई) विभाग की लापरवाही से पुसौर ब्लॉक के ग्राम साल्हेपाली निवासी 18 किसानों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। विभाग द्वारा महानदी में एनीकट तो बना दिया गया है, लेकिन रिटर्निंग वॉल बनाने में कोई रूचि नहीं दिखाई गई है। जिसके कारण महानदी का पानी एनीकट के बगल से खेतों में घुस गया है। जिससे किसानों की करीब 6 एकड़ में लगी धान की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है और उन्हें करीब 18 लाख रुपए की क्षति पहुंची है।

दरअसल भातपुर ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम साल्हेपाली के किसान जल संसाधन विभाग की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे हैं। 2019 में जल संसाधन विभाग ने इस गांव से लगे महानदी में एनीकट बनाने का काम शुरू किया था, जोकि अब तक पूरा नहीं हुआ है। हाल ही में यहां गेट लगा है, जबकि रिटर्निंग वॉल ही नहीं बनाया गया है। चूंकि महानदी उफान पर है, ऐसे में नदी का पानी एनीकट से उपर बह रहा है। वहीं यह पानी एनीकट के बगल से किसानों के खेतों में घुसकर करीब 6 एकड़ में लगी धान की फसल को बर्बाद कर दिया है। किसान भवानी शंकर ने बताया कि जल संसाधन विभाग की लापरवाही और खेतों में पानी घुसने की इस घटना से 18 किसान प्रभावित हुए हैं। किसी ने 80 तो किसी ने 100 डिसमील जमीन में फसल लगाया था, जोकि पूरी तरह बर्बाद हो गई है। जिससे उन्हें करीब 17 से 18 लाख रुपए की हानि पहुंची है।



### खेतों में पानी घुसने से इन किसानों की फसल हुई बर्बाद

खेतों में पानी घुसने की घटना से साल्हेपाली गांव के टीकाराम पटेल, भवानी शंकर, गौतम, केशव प्रसाद पटेल, डिलेश्वर पटेल, हरिराम पटेल, गणेश चरण पटेल, सूखलाल पटेल, लोकनाथ पटेल, शांति निकेतन, भुवनेश्वर पटेल, लीला सागर पटेल, चन्द्रशेखर पटेल, रजनी पटेल, सहनुराम पटेल, छत्तर सिंह पटेल, गुपलीराम चौहान व प्राणमति चौहान की फसल बर्बाद हुई है।

### अधिकारी पहुंचे पर फसलों का नहीं लिया जायजा



इस घटना के बाद बड़ी संख्या में साल्हेपाली गांव के प्रभावित किसान सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन में पहुंचे थे। जहां कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर जल्द ही खेतों में हुए मिट्टी के कटाव को ठीक कराने, एनीकट में रिटर्निंग वॉल बनवाने व फसलों के नुकसानी का आंकलन कर मुआवजा दिलाने की मांग किए हैं। किसानों की परेशानियों को देखते हुए कलेक्टर ने एसडीएम को मौके का निरीक्षण करने आदेशित किया। इसके बाद मंगलवार की दोपहर करीब 12 बजे एसडीएम व जल संसाधन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे थे, लेकिन उन्होंने सिर्फ एनीकट को देखा और बरसात के बाद यहां रिटर्निंग वॉल बनाने की बात कही। जबकि उनके द्वारा किसानों के बबार्द फसल का न तो जायजा लिया गया और न ही किसी प्रकार के नुकसानी का कोई आंकलन किया गया, जिससे किसान हैरान और परेशान हैं।

### खेतों के बीच 10 फीट चौड़ा हुआ मिट्टी का कटाव

एनीकट से तेज रफ्तार पानी के बहाव से किसानों के खेत में करीब 200 फीट लंबा, 6 फीट गहरा और 10 फीट चौड़ा मिट्टी का कटाव हो गया है। जिससे यह स्थान किसी बड़े नाले की तरह नजर आ रहा है। किसानों की मानें तो इस गड्ढे को भरने में करीब 70 से 80 डंपर मिट्टी की आवश्यकता पड़ेगी। यह कब सुधरेगा इस बात की चिंता भी किसानों को सता रही है।

### परिवार के भरण-पोषण की चिंता

दरअसल मानसून में बाढ़ आने की आशंका से प्रभावित किसानों ने खुर्रा बोनी कर धान की फसल लगाई थी, लेकिन कटाई से पहले बाढ़ आ जाने से उनकी फसल बर्बाद हो गई। इसके बाद किसानों ने फिर से लइहर बोआई कर धान की फसल लगाई, लेकिन एनीकट के पानी ने उसे भी बर्बाद कर दिया। किसानों ने बताया कि वो खेती पर ही निर्भर हैं, उनके पास आय का कोई दूसरा साधन नहीं है। सालभर में दो-दो बार फसल नुकसान होने से उनकी आर्थिक स्थिति गड़बड़ा गई है। किसानों को उनके परिवार के भरण-पोषण की चिंता सता रही है।



### रायगढ़ में डेंगू के लिए जागरुकता रथ

**रायगढ़।** नगर निगम रायगढ़ ने डेंगू से बचाव के लिए विशेष डेंगू जागरूकता रथ की शुरुआत कीए जिसे महापौर जीवर्धन चौहान, सभापति डिग्री लाल साहू और निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ शहर के सभी वार्डों में घूमकर लोगों को डेंगू से बचाव के उपाय बताएगा जैसे पानी जमा न होने देना, कूलर, टंकी, टायर, गमलों की नियमित सफाई करना और सप्ताह में एक दिन ड्राई डे मनाना। महापौर चौहान ने कहा कि पिछले साल अगस्त तक डेंगू ने विकराल रूप ले लिया था, लेकिन इस बार समय रहते कार्ययोजना लागू कर हॉटस्पॉट क्षेत्रों में दवा छिड़काव और फॉगिंग की गई, जिसका नतीजा है कि अभी तक एक भी डेंगू केस दर्ज नहीं हुआ। सभापति साहू ने नागरिकों से अपील की कि रथ से मिलने वाली जानकारी को गंभीरता से अपनाएं और आसपास सफाई रखें।



### कोतरलिया-जामगा रेलखंड हुआ ऑटोमेटिक सिग्नलिंग प्रणाली से लैस

**रायगढ़।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में कोतरलिया-जामगा सहित कुल 462 किलोमीटर रेलखंड पर ऑटोमेटिक सिग्नलिंग प्रणाली लागू की गई है। कोतरलिया से जामगा तक कुल 9 किलोमीटर लंबे इस खंड में चार लाइनें विद्यमान हैं, जिसमें कुल 36 ट्रैक किलोमीटर रेल लाइन को ऑटोमेटिक सिग्नलिंग प्रणाली से सुसज्जित किया गया है। अन्य कई महत्वपूर्ण रेलखंडों में भी इस आधुनिक प्रणाली की स्थापना का कार्य प्रगति पर है।


ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नल सिस्टम के लागू हो जाने से अब एक ही ब्लॉक सेक्शन में एक ही मार्ग पर एक से अधिक ट्रेनों का संचालन संभव हो गया है। इससे न केवल ट्रेनों की गति में वृद्धि हुई है, बल्कि रेल लाइनों पर ट्रेनों की संख्या में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। अब कहीं भी खड़ी ट्रेन को आगे बढ़ने के लिए यह प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ती कि उसके आगे चल रही ट्रेन अगला स्टेशन पार कर ले। जैसे ही स्टेशन यार्ड से कोई ट्रेन प्रस्थान करती है, अगले सेक्शन के लिए उसे तुरंत ग्रीन सिग्नल मिल जाता है, यानी एक ब्लॉक सेक्शन में एक के पीछे एक ट्रेन सुचारु रूप से चल सकती है। इस प्रणाली की मदद से ट्रेनों की रीयल-टाइम लोकेशन की जानकारी भी लगातार उपलब्ध रहती है, जिससे संचालन और अधिक संरक्षित एवं कुशल हो गया है।

**खास बात**

- दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के कुल 462 किलोमीटर रेलखंड में लागू की गई ऑटोमेटिक सिग्नलिंग प्रणाली

### महिलाओं को कौशल विकास में सहयोग करेगा जिन्दल

**रायगढ़।** जिन्दल स्टील की सामाजिक इकाई जिन्दल फाउंडेशन ने अपनी प्रमुख योजना यशस्वी के चौथे संस्करण की शुरुआत की है। इस योजना के अंतर्गत ओडिशाए झारखंड और छत्तीसगढ़ की 5,000 से अधिक महिलाओं और युवतियों को उच्च शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। यशस्वी योजना के चौथे संस्करण की घोषणा करते हुए जिन्दल फाउंडेशन की चेयरपर्सन श्रीमती शालू जिन्दल ने कहा ष्हम मानते हैं कि सशक्त महिलाएं किसी भी प्रगतिशील समाज की रीढ़ की हड्डी होती हैं। यशस्वी कार्यक्रम के माध्यम से हम उन महिलाओं और युवतियों को प्रोत्साहित कर रहे हैं जो अपने एक बड़े सपने को साकार करने के लिए दृढ़संकल्पित हैं। ये महिलाएं और युवतियां शिक्षा और कौशल विकास के माध्यम से न केवल अपने जीवन को बदल सकती हैं, बल्कि समाज में भी बदलाव की अग्रदूत बन सकती हैं। हमें गर्व है कि यह पहल अब तक 11,000 से अधिक महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला चुकी है। इस वर्ष हम और अधिक महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य करेंगे।




**कांग्रेस करेगी प्रदेशव्यापी आंदोलन की घोषणा**

# बिजली बिल पर सरकार को कांग्रेस ने घेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कांग्रेस ने प्रदेश सरकार पर बिजली उपभोक्ताओं के साथ बड़ा अन्याय करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि भाजपा सरकार ने बिजली बिल हॉफ योजना को सीमित कर केवल 100 यूनिट तक ही छूट देने का जो निर्णय लिया हैए वह पूरी तरह जनविरोधी है। इस निर्णय से आम उपभोक्ता, किसान, छोटे दुकानदार और मध्यम वर्ग के लोग सीधे प्रभावित होंगे।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शुक्ला ने प्रेस वार्ता में बताया कि कांग्रेस शासनकाल में बिजली बिल हॉफ योजना के तहत 400 यूनिट तक की खपत पर आधा बिल लिया जाता था, जिससे लाखों उपभोक्ताओं को सीधी राहत मिलती थी। लेकिन भाजपा सरकार ने सत्ता में आने के बाद न केवल इस योजना को सीमित किया है, बल्कि पिछले डेढ़ साल में चार बार बिजली दरें भी बढ़ा दी हैं, जिससे आम जनता की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ा है। इस मौके पर कांग्रेस के पूर्व विधायक प्रकाश नायक, जिला कांग्रेस के वरिष्ठ नेताए पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। नेताओं ने कहा कि आज प्रदेश का घरेलू, कृषि और व्यावसायिक वर्ग महंगाई से जूझ रहा है। स्मार्ट मीटर के नाम पर गलत बिल भेजे जा रहे हैं और अब प्रीपेड मीटर लगाने की तैयारी भी चल रही है, जिससे उपभोक्ताओं पर और आर्थिक बोझ बढ़ेगा। कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट किया कि यह निर्णय आमजन के खिलाफ है और इसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। पार्टी ने इस मुद्दे पर प्रदेशव्यापी आंदोलन की घोषणा की है। इसके तहत कल रायगढ़ में पुतला दहन किया जाएगा और बिजली बिल हॉफ योजना को पहले की तरह बहाल करने की मांग जोर.शोर से उठाई जाएगी। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि अगर सरकार ने समय रहते अपना फैसला वापस नहीं लिया, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा और सड़कों पर उतरकर जनहित की लड़ाई लड़ी जाएगी।



**खबर संक्षेप**

### वैद्यों को औषधि पौधों का किया गया वितरण



**जशपुरनगर।** ''एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वन विभाग के सहयोग से पिरामल स्वास्थ्य टीम द्वारा जशपुर विकासखंड के परंपरागत उपचार कर्ता वैद्यों को औषधि पौधों जामुन, आम, नीम, करंज, हर्रा, बहेरा पौधों का वितरण किया गया। इस दौरान उपस्थित वैद्यों को पौधों की गुणवत्ता पर जानकारी दी गई और पौधों को लगाकर उसकी सुरक्षा करने को कहा गया। वैद्यों ने कहा कि हम अपनी स्मृति चिन्ह के रूप में यह पौधों को लगाकर सेवा करेंगे, ताकि आगामी पीढ़ी हमारे द्वारा लगाए गए पौधों को देखकर हमे याद करें। इस कड़ी में पिरामल स्वास्थ्य टीम द्वारा घोलेंग एकलव्य स्कूल में भी पौधों को लगाकर छात्र-छात्राओं में पर्यावरण के प्रति प्रेम और सेवा की भावना हेतु जागरूक किया गया। इस अवसर पर पिरामल स्वास्थ्य से संतोष सोन, जिला प्रमुख, गांधी फैलो प्रसंन जित, रोशनी, रिकेश एवं एकलव्य विद्यालय के प्राचार्य दुर्गेश पाठक, शिक्षक किशन लाल, सोनाली सहित अन्य जन उपस्थित रहे।

### ऑनलाईन काउंसिलिंग 9 अगस्त तक

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी में डिप्लोमा इंजीनियरिंग एवं बी.टेक. पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु पंजीयन का चतुर्थ चरण 6 से 9 अगस्त 2025 हो रहा है। इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाईन काउंसिलिंग में शामिल होने हेतु वेबसाईट पर 9 अगस्त 2025 तक पंजीयन कर सकते हैं।

### पत्थलगांव में स्वास्थ्य परीक्षण



**पत्थलगांव।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सुखरापारा में स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें चिरायु- राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम आरबीएसके पत्थलगांव टीम द्वारा विद्यालय में सभी छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण अंतर्गत प्रमुखतः सिकलसेल,वजन, ऊंचाई, जन्मजात हृदय रोग,त्वचा संबंधी रोग, दमा टीबी,दृष्टि दोष,रिकेट्स, अतिकुपोषण, डाउन सिंड्रोम,तनाव,कुष्ठ रोग, बीटा थैलेसीमिया आदि विमारियों का परीक्षण किया गया। टीम में डॉ. गुंजन सिंह, डॉ.पुष्पराज सिंह, ओमप्रकाश धुर्वे लैब टेक्नीशियन, संतोषी पैंकरा( एएनएम) उपस्थित थे। संस्था के प्राचार्य अनिल कुमार भारद्वाज तथा चिकित्सकों ने बताया कि विद्यालय में समय- समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाता है।बदलते मौसम में अनेक छोटी-छोटी बीमारियां फैलने का खतरा रहता है।

### बोलेरो में मवेशियों की तस्करी वाहन छोडकर भागे तस्कर

**सीतापुर।** क्षेत्र में पशु तस्करी रुकने का नाम नहीं ले रही है। तस्कर बेखौफ होकर मवेशियों को वाहनों में भरकर उन्हें बूचड़ खाना लेकर जा रहे है। बीती रात भी मवेशियों से भरी बोलेरो वाहन के खराब होने पर तस्कर वाहन व मवेशियों को छोडकर फरार हो गए। वाहन में बंद पशुओं के चिल्लाने की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने मवेशियों को बाहर निकाला। इस मामले में पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि पुरानी बस्ती क्षेत्र में बीती रात तस्कर बोलेरो वाहन में पशुओं को भरकर जा रहे थे। जैसे ही वो पुरानी बस्ती के निवासी जगदंबा गुप्ता के घर के पास पहुंचे तस्करों की गाड़ी खराब हो गई। तस्करों ने वाहन को ठीक करने का प्रयास किया लेकिन जब वाहन ठीक नहीं हुआ तो तस्कर वाहन को छोड़कर फरार हो गये। इधर वाहन में मवेशियों के चिल्लाने की आवाज सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे जिसके बाद मवेशियों को सीट से बाहर निकाला गया। तस्करों ने मवेशियों को रस्सी से बांधकर वाहन में भरा था और वे हिल डुल नहीं पा रहे थे। वाहन से एक गाय और दो बैल को मुक्त कराया गया। इसके बाद स्थानीय गौसेवा दल ने मामले की शिकायत पुलिस को दी।

## ऑपरेशन आघात, पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# 30 लाख का अवैध तंबाकू-गुटखा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में अवैध तंबाखू उत्पादों की तस्करी पर नकेल कसते हुए पुलिस ने बुधवार को ऑपरेशन आघात के तहत बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया। लोदाम थाना क्षेत्र में मंडी बेरियर पर पुलिस ने एक संदिग्ध कंटेनर ट्रक को पकड़ा, जिसमें 100 बोरी विमल गुटखा और 20 बोरी तंबाखू भरा हुआ था। बरामद माल की कुल कीमत 30 लाख रुपये आंकी गई है। ट्रक चालक राशिद खान निवासी फिरोजपुर, थाना महू, जिला महू, हरियाणा को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने ट्रक क्रमांक- एचआर 55 एजे 4755 को भी जब्त कर लिया है।

■ रायपुर से झारखंड जा रही थी खेप

पुलिस सूत्रों के अनुसार, नेशनल हाईवे 43 पर लोदाम के पास संदिग्ध वाहनों की नियमित चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि रायपुर से एक लाल रंग का कंटेनर ट्रक भारी मात्रा में अवैध गुटखा और तंबाखू लेकर झारखंड की ओर रवाना हुआ है। सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देशन में थाना लोदाम की टीम ने मंडी बेरियर पर ट्रक को रोक लिया।



जब्त गुटखा-तंबाखू व इनसेट में आरोपी।

### वाशिंग पाउडर की रसीद निकला गुटखा

ट्रक चालक ने पुलिस को बताया कि वह रायपुर से बोकारो (झारखंड) वाशिंग पाउडर लेकर जा रहा है और उसने एक रसीद भी दिखाई। हालांकि पुलिस को संदेह हुआ, जिसके बाद ट्रक की गहन तलाशी ली गई। जांच में ट्रक के भीतर से 100 बोरी विमल गुटखा और 20 बोरी तंबाखू मिला। जब चालक से इन तंबाखू उत्पादों के वैध दस्तावेज मांगे गए, तो वह कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।

### ट्रक मालिक की भूमिका संदिग्ध

प्रारंभिक पूछताछ में चालक ने बताया कि उसे ट्रक में लदे माल की असलियत की जानकारी नहीं थी। उसे ट्रक मालिक ने वाशिंग पाउडर की रसीद दी और माल लेकर झारखंड रवाना होने को कहा था। पुलिस अब ट्रक मालिक की भूमिका की भी जांच कर रही है।

### बीएनएस की धारा 106 के तहत कार्रवाई

पुलिस ने जब्त किए गए माल व वाहन पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 106 के तहत कार्यवाही प्रारंभ कर दी है। चालक के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है।



आकस्मिक निरीक्षण में स्कूल पहुंचे कलेक्टर रोहित व्यास।

# तिरसोंठ स्कूल का प्रधानपाठक निलंबित

**पत्थलगांव।** कलेक्टर रोहित व्यास ने बुधवार को पत्थलगांव विकासखण्ड के ग्राम तिरसोंठ में प्राथमिक विद्यालय औचक निरीक्षण किया। जहां उन्होंने उपस्थिति पंजी का निरीक्षण किया। जिसमें प्रधानपाठक चैतराम यादव को लंबे समय से अनधिकृत रूप से अनुपस्थित पाया गया।

■ नशे में स्कूल आने एवं अनाधिकृत उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर करने की शिकायत

इस दौरान ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों से चर्चा में उन्होंने बताया कि प्रधानपाठक अक्सर शराब के नशे में विद्यालय आते हैं, जिससे बच्चों की पढ़ाई पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। कलेक्टर श्री व्यास ने इस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को प्रधानपाठक के विरुद्ध विभागीय जांच संस्थित कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में अनुशासनहीनता और लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने शाला में विद्युत उपकरणों की मरम्मत करवाने के निर्देश दिए एवं स्वास्थ्य जांच दल के द्वारा किये गए निरीक्षणों की भी जानकारी ली। उन्होंने उपस्थित शिक्षकों से चर्चा कर बच्चों की उपस्थिति एवं दर्ज संख्या की भी जानकारी ली।

# दुधारू व गर्भवती गायों की रात में चोरी

**कोतबा।** जिले के कोतबा चौकी क्षेत्र में अज्ञात मवेशी चोरों ने नया तरीका अपनाते हुए एक ही रात में चार पशु पालकों के पांच गायों की चोरी कर ली है। इसमें दो दुधारू गाय और तीन गर्भवती गाय शामिल है।

नगर के कारगिल चौक निवासी राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि बीते शनिवार को उनकी गाय घर के पास खड़ी थी.लेकिन सुबह गाय लापता थी। काफी खोजबीन के बाद भी गाय नही मिली.उन्होंने आशंका जताई है, कि उनके गाय को तस्करों द्वारा ले जाया गया है। दूसरी घटना उसी दिन रात को रायगढ़िया चौक निवासी जीवन बंजारा का कहना है कि उनकी अच्छे नस्ल की गर्भवती देशी गाय थी.कभी-कभी फंदा तोड़कर आसपास घास खाने निकल जाती थी.लेकिन उसी शनिवार से घर से बाहर निकली लेकिन काफी खोजबीन के बावजूद नही मिली. तीसरी घटना उसी रात नगर के वार्ड क्रमांक 8 के निवासी बंधापलिया नामक का है.उनका कहना है कि उनकी गाय कभी भी अपने बछड़े को छोड़कर नही भागी थी.उसी रात अचानक वह निकल गई और वापस नही आई। गाय चोरी हो जाने से उन्हें आर्थिक नुकसान के साथ ही बछड़े की सेवा में भारी परेशानी हो रही है। चौथी घटना वार्ड नंबर 20 तुलसी चौहान के घर की है। शनिवार रात दो गर्भवती गाय लापता है।



**तस्करी की आशंका..!:** पीड़ति पशुपालकों ने गायों की चोरी को मवेशी तस्करी से जुड़े लोगों की होनी की आशंका व्यक्त किया है। उनका कहना है कि नगर के मुख्यमार्ग में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने से चोरों की पहचान किया जा सकता है। पालकों ने कहा कि कोतबा से महज 25 से 30 किलोमीटर में उड़ीसा में लगने वाले मवेशी बाजार हांडीपानी है जहां हर सप्ताह बड़ी मात्रा में मवेशियों के बाजार लगता है.जिसे बूचड़खानो में भेजने के लिये विभिन्न प्रान्तों में भेजा जाता हैं।

### पतासाजी कर रहे

आपके माध्यम से जानकारी मिल रही है,मामले को तत्काल संज्ञान में लेकर थाना प्रभारी को बोलता हूं कि घटना की रात नगर के सभी मुख्यमार्गों में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालें। साथ ही मवेशी तस्करी में शामिल लोगों की पतासाजी करें।
शशि मोहन सिंह पुलिस अधीक्षक

# विकासकार्यों की समीक्षा बैठक

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अधिकारियों की एक बैठक लेकर सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण, अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण, एवं अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण के तहत संचालित विकासकार्यों की विस्तार से समीक्षा की।

■ गुणवत्ता और समयसीमा में कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

उन्होंने समस्त कार्यों को गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने और समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्री व्यास ने जनपद पंचायत सीईओ को जिन सरपंचों और सचिवों ने राशि आहरण के बाद भी कार्य नहीं कराया है, उनसे वसूली की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने प्रत्येक निर्माण कार्य की जानकारी के लिए नागरिक सूचना पटल लगाने हेतु भी निर्देशित किया। जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक कुमार ने आवागमन की सुविधा के लिए सीसी रोड, पुल-पुलिया के निर्माण कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर हरिओम द्विवेदी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जशपुर संजय सिंह सहित जनपद पंचायतों के सीईओ मौजूद थे।



विकास कार्यों की समीक्षा बैठक लेते कलेक्टर।

## सीईओ ने जनमन आवास का किया निरीक्षण




**जशपुरनगर।** जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार ने आज बगीचा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सारूडाप, सामरबार और रोकड़ा में जनमन आवास का निरीक्षण किया और हितग्राहियों से मुलाकात की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सारूडाप में 16, सामरबार में 23 और रोकड़ा में 20 जनमन आवास का अवलोन किया। इस दौरान जनमन आवास के हितग्राहियों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि पहले वे कच्चे मकान मे रहते थे और अब पक्का मकान पाकर बहुत खुश हैं। उन्होने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिए। निरीक्षण के दौरान आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त संजय सिंह, बगीचा जनपद पंचायत सीईओ, महिला बाल बिकास अधिकारी, सभी पंचायत के सरपंच- सचिव व ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशन में जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग की संयुक्त पहल पर विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता एवं एकाग्रता को विकसित करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला मुख्यालय स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय, जशपुर में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री शशि मोहन सिंह ने कहा कि इस प्रतियोगिता में प्रतिभावान बच्चों के लिए ऐसे प्रश्न तैयार किए गए, जो रचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करने वाले थे। उन्होंने सभी विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि इस आयोजन से विद्यार्थियों के ज्ञान, आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता का विकास हुआ है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रूप से करेंट अफेयर्स और समसामयिक विषयों पर अध्ययन जारी रखने की सलाह दी, जिससे उन्हें भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं में लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने शिक्षकों के प्रति भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह अत्यंत सराहनीय है कि वे अपने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए निरंतर प्रेरित कर रहे हैं। ऐसे आयोजन बच्चों में सामान्य ज्ञान, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को सशक्त बनाते हैं। जिला रोजगार अधिकारी सुश्री दुर्गेश्वरी सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ एवं संचालन किया।



क्विज प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे।



बैठक में भाग लेते बैंक अधिकारी।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने बैंक अधिकारियों की ली बैठक

**जशपुरनगर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के द्वारा आगामी नेशनल लोक अदालत 13 सितम्बर 2025 को आयोजित किया जाना है। जिला न्यायालय जशपुर एवं तहसील न्यायालय कुनकुरी, बगीचा एवं पत्थलगांव में नेशनल लोक अदालत 13 सितम्बर 2025 को आयोजन किया जाएगा।

उक्त नेशनल लोक अदालत में समस्त राजीनामा योग्य आपराधिक मामले, बैंक के प्रकरण, लिखत पराक्राम्य अधिनियम की धारा 138, वसूली के प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण एवं अन्य व्यवहार वाद के प्रकरण रखे जाऐंगे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर के सचिव कु. श्वेता बघेल द्वारा नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों जिसमें 05 वर्ष-10 वर्ष से अधिक वाले प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर समझौता किये जाने के प्रयोजनार्थ बैंक अधिकारियों की बैठक ली गई। जो भी पक्षकार राजीनामा के माध्यम से अपने लंबित प्रकरणों को नेशनल लोक अदालत के माध्यम से निराकरण कराना चाहते हैं, वे पक्षकार अपने प्रकरण को संबंधित न्यायालय में उपस्थित होकर नेशनल लोक अदालत में रखे जाने हेतु निवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिये जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर, तालुका विधिक सेवा समिति कुनकुरी, तालुका विधिक सेवा समिति बगीचा एवं तालुका विधिक सेवा समिति पत्थलगांव में संपर्क कर सकते हैं।

## सुबह से जलाभिषेक के लिए लगा रहा श्रद्धालुओं तांता

# सावन के अंतिम सोमवार को विशेष पूजा व भस्म आरती कर जलाभिषेक

**कोतबा।** धर्मनगरी कोतबा स्थित सतीघाट शिव मंदिर में सावन के अंतिम सोमवार को भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह 4 बजे भष्मआरती के बाद से ही मंदिर परिसर में जलाभिषेक करने शिव भक्तों की भारी भीड़ उमड़ने लगी थी। सुबह भगवान शिव की भस्म आरती के साथ धार्मिक कार्यक्रमों की शुरुआत हुई, जिसके बाद मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए जलाभिषेक हेतु खोल दिए गए।दूर दराज गाँवो 8-10 किलोमीटर पैदल कांवर लाकर भक्तो ने भोलेनाथ को रिझाने में लगे रहे दिन भर हजारों भक्तो का जनसैलाब उमड़ पड़ा था।

■ अष्टधातु से निर्मित महाकाल मुखोटा अर्पित कर किया भव्य श्रृंगार

कोतबा नगर सहित क्षेत्र के गोलियागड़,फरसाटोली,गंझियाडीह, महुआडीह सहित आसपास के गांवों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने कतारों में में खड़े होकर जल अर्पित किया और भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे दिन मंदिर परिसर में धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला जारी रही। सबसे अधिक महिलाओं ने कोतबा स्थित सतिघाट धाम में विराजे भगवान भोले नाथ का जलाभिषेक करते हुये पूजा अर्चना कर वे अपने गांवो में स्थापित मंदिरों में जलाभिषेक करने के लिये जल उठाकर 8 से 10 किलोमीटर पैदल गये दार्शनिक रूप में विकशित हो रहे सतिघाट धाम में दिनों दिन भक्तों के आवाजाही में भारी इजाफा हो रहा है।सुबह 10 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों ने कतारबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया। दोपहर 12:30 बजे महारुद्राभिषेक का आयोजन हुआ, जिसमें मंत्रोच्चारण और जलाभिषेक की दिव्य अनुभूति ने समूचे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। शाम 4 बजे से सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से भक्ति में डूबकर हिस्सा लिया। इसके बाद शाम 6 बजे भगवान शिव का भव्य श्रृंगार कर महाआरती की गई, जिसमें भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी और मंदिर परिसर हर हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा।



अंतिम सोमवार को झूमते नाचते श्रद्धालु।

### बहती नदी पार कर दर्शन करने पहुंचते है हजारों शिवभक्त

सतीघाट शिवधाम में बस्ती व मंदिर के मार्ग के मध्य भैरवी नदी इन दिनों काफी उफान पर बह रही है। जिसे हजारो श्रद्धालुओं को नदी पार कर के भोलेनाथ के दर्शन करने पहुंचते है। जिसके सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन द्वारा कोई कार्य नही किया गया है। नदी में पहले बच्चों के बहने से मौत भी हो चुकी है बावजूद प्रशासन द्वारा कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं की जाती है। मजबूरन नगरवासी ही श्रमदान कर वैकल्पिक मार्ग बनाते है और कार्यक्रम को धूमधाम से सम्पन्न कराते है।

### स्वंयसेवकों व श्रद्धालुओं का किया सम्मान

सावन के अंतिम सोमवार को कार्यक्रम की समाप्ति के अवसर पर रोजाना मंदिर परिसर में साफ सफाई व्यवस्था के लिए श्रमदान करने वाले स्वंयसेवक राजेश साहू,तेजवती प्रधान,सुनीता प्रधान,चम्पा सिदार,चमरू सिदार सहित भजन कीर्तन हनुमान चालीसा पाठ व्यवस्था के लिए जीवन बंजारा,मनोहर गोटियां जी को आयोजक बसंत गुप्ता जी के द्वारा फटका ओढ़ा कर सम्मानित किया गया।

### कराया जाएगा वैकल्पिक व्यवस्था

सतीघाट की सड़क के लिए जलसंसाधन विभाग को व्यवस्था बनाने कहा गया था। श्रद्धलुओं को परेशानी न हो इसके लिए जो भी संभव वैकल्पिक व्यवस्था हो करवाया जाएगा।

-टी.आर.यादव, मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत कोतबा

## पाकरगांव के तुरवाआमा की प्राथमिक शाला जर्जर



**पत्थलगांव।** ग्राम पंचायत पाकरगांव के तुरवाआमा का प्राथमिक शाला स्कूल पूरी तरह से जर्जर स्थिति में है कभी भी भवन गिर सकता है। प्राथमिक स्कूल को बने लगभग 25 वर्ष हो चुका है। स्कूल का दर्ज संख्या 17 है। बच्चे स्कूल में जैसे तैसे बैठ कर पढ़ाई कर रहे हैं। ग्रामपंचायत पाकरगांव के सरपंच पटेल राम भगत ने बताया कि तुरवा आमा प्राथमिक स्कूल की स्थिति भयावह है। छत का प्लास्टर गिर चुका है कालम में भवन खड़ा नही है बना कालम का ही भवन है जिससे भवन के कभी भी ढह जाने की आशंका बनी हुई है। शासन प्रशासन से अपील है कि जल्द ही नया भवन बनाया जाए जिससे बेहतर ढंग से बच्चो की पढ़ाई संचालित हो संके।




# ये वर्दी सिर्फ हिम्मत नहीं बलिदान भी मांगती है

**मुंबई।** अभिनेता फरहान अख्तर की फिल्म '120 बहादुर' का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म में फरहान परमवीर चक्र से सम्मानित मेजर शैतान सिंह भाटी का रोल निभा रहे हैं। फिल्म के टीजर में भारतीय सैनिकों की जांबाजी की झलक देखने को मिल रही है। इस टीजर को जोया अख्तर ने भी अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। साथ ही उन्होंने कैप्शन दिया है- 'ये वर्दी सिर्फ हिम्मत नहीं, बलिदान भी मांगती है'। इसके अलावा उन्होंने जानकारी दी कि फिल्म इस साल 21 नवंबर को रिलीज हो रही है। फिल्म के टीजर में दिखाया गया है कि साल 1962 में भारत-चीन की जंग के दौरान 18 नवंबर को क्या-क्या हुआ था।

## लाइफ Style

# वामिका

## जी2 में दमदार किरदार में आएंगी नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इमरान हाशमी, अदिवि शेष और वामिका गब्बी फिल्म 'जी2' में नजर आने वाले हैं। हाल ही में इस फिल्म का पोस्टर रिलीज किया गया है। पोस्टर देख कर लगता है कि यह फिल्म एक्शन और सस्पेंस से भरपूर जासूसी थ्रिलर फिल्म होने वाली है।



जारी किए गए पोस्टर में देखा जा सकता है कि इमरान हाशमी और आदिवी शेष गुस्से में नजर आ रहे हैं। एक दूसरे पोस्टर में अदिवि शेष और वामिका गब्बी एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। तीसरे पोस्टर में अदिवि शेष एक्शन मोड में शीशा तोड़ते हुए और बंदूक चलाते हुए नजर आ रहे हैं। फिल्म के बारे में बात करते हुए अदिवि शेष ने कहा जी2 एक ऐसा सफर रहा है जिसे हमने वर्षों से जिया और महसूस किया है। निर्देशक विनय कुमार सिरिगिनीदी के साथ, हमने बड़े सपने देखने की हिम्मत की है। इस कहानी को वैश्विक स्तर पर ले जाते हुए इसकी असलियत को बनाए रखा है। इमरान और वामिका वाकई दमदार किरदार में नजर आएंगे। उनके अभिनय ने इस फिल्म के पैमाने को एक पायदान ऊपर उठा दिया है। अब यह हमारे लिए सिर्फ एक फिल्म से कहीं बढ़कर बन गई है। फिल्म जी2 साल 2018 में रिलीज हुई गुडाचारी से संबंधित है। यह हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ भाषाओं में रिलीज होगी। फिल्म जी2 फिल्म में बनिता संधू, मुरली शर्मा, सुप्रिया यारलागड्डा और मधु शालिनी जैसे दमदार कलाकार भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म में अदिवि शेष एजेंट गोपी के रूप में वापसी कर रहे हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# द ग्लोरी का ट्विस्ट हिला देगा दिमाग

**नई दिल्ली।** 3 साल पहले नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हुई द ग्लोरी कोरियन थ्रिलिंग वेब सीरीज अगर आप एक बार देख लेंगे, तो बार-बार इसे देखने का मन करेगा। यह एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर वेब सीरीज है, जिसे देखकर आपके रोंगटे खड़े हो जाएंगे, लेकिन दिल को सुकून भी मिलेगा। तो अगर आप भी बिंज वॉच करना पसंद करते हैं, तो 16 एपिसोड की नेटफ्लिक्स की ये ट्रेंडिंग वेब सीरीज देख सकते हैं। द ग्लोरी नेटफ्लिक्स की एक साउथ कोरियन वेब सीरीज है, इस वेब सीरीज में स्कूल में बुरी तरह से बुलिंग का शिकार हुई लड़की की कहानी को बताया गया है।




# द कॉन्ज्यूरिंग लास्ट राइट्स का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** हॉरर फिल्म का आजकल लोगों को बहुत ज्यादा क्रेज है। अब सबसे ज्यादा डरा देने वाली हॉरर फिल्म नए पार्ट के साथ वापस आ गई है। एक बार फिर भूत वापस लौट रहे हैं और उसे देखकर जो हालत खराब होने वाली है उसका अंदाजा ट्रेलर से ही लगाया जा सकता है। द कॉन्ज्यूरिंग सीरीज का आखिरी पार्ट आने वाला है। इस सीरीज के अब तक चार पार्ट आ चुके हैं और सभी हिट रहे हैं। अब द कॉन्ज्यूरिंग लास्ट राइट्स का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ये फिल्म सिनेमाघरों में 5 सितंबर को रिलीज होने जा रही है। द कॉन्ज्यूरिंग लास्ट राइट्स के ट्रेलर की बात करें तो इसकी शुरुआत आम लोगों से होती है। जासूसों के इंटरव्यू होते हैं। जिसमें दिखाया गया है कि शैतान पेंसिलवेनिया वहां पहुंच गया है और बुरी शक्तियां उसमें घुस गई हैं और उसे ही अपना घर बना लिया है।



# तलाक के बाद मृणाल को कर रहे डेट

**मुंबई।** एक्टर धनुष का पत्नी ऐश्वर्या रजनीकांत से अप्रैल 2024 में तलाक हो गया था। हालांकि, कुछ महीने पहले दोनों बड़े बेटे यत्र के स्कूल की ग्रेजुएशन सेरिमनी में साथ दिखे थे। धनुष और ऐश्वर्या अपनी-अपनी जिंदगी में बिजी हैं, पर बच्चों के लिए साथ आ जाते हैं। इसी बीच खबरें हैं कि धनुष एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर को डेट कर रहे हैं। दोनों को कई इवेंट्स में साथ में स्पॉट किया गया, जिसके बाद उनकी डेटिंग की अफवाहें शुरू हो गईं। एक्टर धनुष हाल ही मृणाल ठाकुर की बर्थडे पार्टी में शामिल हुए थे, और अब उस पार्टी का अंदर का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें धनुष ने मृणाल ठाकुर का हाथ पकड़ा हुआ है और बात कर रहे हैं। इसी वीडियो को देख फैंस कयास लगा रहे हैं कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। यह वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है।



# छह किताबों पर बनेंगी वेब सीरीज व फिल्में

**नई दिल्ली।** विश्व प्रसिद्ध ब्रिटिश लेखक जेफ्री आर्चर की कहानियां अब भारतीय सिनेमा के परदे पर जीवंत होने वाली हैं। भारत की प्रमुख कंटेंट निर्माण कंपनी अप्लॉज एंटरटेनमेंट ने आर्चर की छह मशहूर किताबों के स्क्रीन एडप्टेशन के अधिकार हासिल किए हैं। इस साझेदारी को भारतीय मनोरंजन उद्योग में एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है, क्योंकि यह पहली बार है जब इस तरह किसी विदेशी लेखक की किताबों के राइट्स लिए गए हैं। इस तरह भारतीय मनोरंजन इंडस्ट्री में अब स्तरीय विदेशी कॉन्टेंट की दस्तक को शानदार माना जा रहा है। इस डील में जेफ्री आर्चर की छह किताबें द क्लिफ्टन क्रॉनिकल्स, फोर्थ एस्टेट, फर्स्ट अमंग इक्वल्स, द इलेवन्थ कमांडमेंट, सन्स ऑफ फॉर्च्यून और हेड्स यू विन शामिल हैं।

## टीवी मसाला



# विवियन डीसेना का एकता कपूर के शो से होगी वापसी

**नई दिल्ली।** एकता कपूर एक बार फिर से छोटे पर्द पर धमाका करने की तैयारी में हैं। क्योंकि सास भी कभी बहू थी का दूसरा सीजन लाने के बाद वह नागिन 7 के कारण सुर्खियां बटोर रही थीं। दर्शक उसके आने का इंतजार ही कर रहे थे कि प्रोड्यूसर ने विवियन डीसेना के साथ एक प्रोजेक्ट करने का हिंट देकर दर्शकों को कन्फ्यूज कर दिया है। वह एक्टर के कमबैक से खुश भी हैं, लेकिन किस शो में वह आएंगे, ये सोचकर दिमाग की नसों पर जोर भी दे रहे हैं। दरअसल, पहले कुछ हफ्तों तक खबर थी कि विवियन डीसेना नागिन 7 में दिखाई दे सकते हैं। अब एकता कपूर के लेटेस्ट वीडियो से शक यकीन में बदलता दिख रहा है। इसमें दोनों सांप-चमगादड़ जैसे शब्दों का इस्तेमाल कर दर्शकों को गुमराह कर रहे हैं। वीडियो में, एकता विवियन से पूछती हैं, 'हम क्या कर रहे हैं? क्या हम सांपों के साथ कुछ कर रहे हैं?' तो विवियन कहते हैं, नहीं। बाद में, एकता कहती हैं, शायद चमगादड़ों के साथ कुछ। तो एक्टर जवाब देते हैं, काफी करीब। विवियन डीसेना आखिरी बार बिग बॉस सीजन 18 में नजर आए थे। वह रनर-अप रहे थे, जबकि करण वीर मेहरा ने ट्रॉफी जीती थी। एक्टर को लीड रोल में आखिरी फिक्शनल शो सिर्फ तुम में देखा गया था, जो 2022 में ऑफ-एयर हुआ था। ऐसे में 3 साल बाद उन्हें पर्दे पर देखना उनके चाहनेवालों के लिए बड़ा सरप्राइज है।


## कपिल के शो में शिल्पा ने उड़ाया छोटी बहन का मजाक

**नई दिल्ली।** जैसे-जैसे पूरा भारत 9 अगस्त को रक्षाबंधन मनाने की तैयारी कर रहा है, द ग्रेट इंडियन कपिल शो बॉलीवुड की दो सबसे प्यारी बहनों शिल्पा शेट्टी और शमिता शेट्टी के साथ बाई-बहन हुमा कुरैशी और साकिब सलीम को एक साथ ला रहा है। सोशल मीडिया पर लीक हुए इस एपिसोड का एक प्रोमो हंसी-मजाक और भाई-बहनों की ढेर सारी नोक-झोंक का वादा करता है, जिसमें मेहमान एक-दूसरे को मजाकिया अंदाज में चिढ़ाते हैं। प्रोमो वीडियो में, शिल्पा शेट्टी कपिल शर्मा के वजन घटाने का मजाक उड़ाती हैं, जिस पर कपिल शर्मा मजाक करते हुए कहते हैं कि उन्होंने यह उनसे ही सीखा होगा। वो मजाक में कहते हैं कि उनका वजन हर साल कम होता जा रहा है। जब कपिल पूछते हैं कि क्या शमिता अपनी बहन से हर बात शेयर करती हैं, तो शिल्पा जवाब देती हैं, वो मुझसे सिर्फ बॉयफ्रेंड वाली बातें छिपाती हैं। शमिता तुरंत जवाब देती हैं कि वो अब कुछ नहीं छिपातीं, और शिल्पा कहती हैं, ऐसा इसलिए है क्योंकि वो अब सिंगल हैं।



# ये हॉरर फिल्म अकेले देख ली तो कांप उठेगा कलेजा

**नई दिल्ली।** अगर आप हॉरर फिल्मों के शौकीन हैं तो आपको 18 साल पुरानी यह फिल्म जरूर देखनी चाहिए। यह फिल्म आपको डर की दुनिया ऐसी सैर कराएगी कि आपको हॉरर फिल्मों की दुनिया का नया एक्सपीरियंस मिलेगा। यह फिल्म इतनी डरावनी है कि आप अपने आजू-बाजू देखने से भी डरने लगेंगे। इस फिल्म की हॉररनेस का अंदाजा आप इस बात से लगा सकते हैं, इसकी कहानी कुछ ऐसी है कि इसमें 30 दिनों तक सूरज नहीं निकलता है और लोग पूरे एक महीने अंधेरे और डर के साए में अपनी जिंदगी की भीख मांग रहे होते हैं। इस फिल्म में रात के इस लंबे अंधेरे में कुछ ऐसे शैतान उतर आते हैं, जिन्हें आदमखोर कहें तो गलत नहीं होगा।




### क्या है फिल्म की कहानी?

वहीं, वैंपायर्स के सरदार का रोल डैनी हस्टन ने किया है, जिसकी एक्टिंग देखने के बाद किसी का भी पसीना छूट जाएगा। फिल्म का हर किरदार दर्शकों को डराने का काम करता है। फिल्म की कहानी पर नजर डाले तो यह अलास्का के बैरो नाम शहर की है, जो पूरी तरह बर्फ से ढका है। जैसे ही इस शहर पर रात का अंधेरा छाता है, वैंपायर्स एक्टिव हो जाते हैं और तबाही मचाना शुरू कर देते हैं। इस शहर का अन्य शहर से संपर्क टूट जाता है और यहां बसे लोग एक-एक कर अपनी जान गंवा देते हैं।

**कौन सी डरावनी फिल्म है ये?** : इस फिल्म की कहानी रात होने के बाद शुरू होती है और 30 दिन सवेरा होने के बाद खत्म। इसलिए इस फिल्म का नाम, '30 डेज ऑफ डार्क नाइट' है। फिल्म के नाम से पता चलता है कि इसकी कहानी रात के काले अंधेरे पर बेस्ड है, जहां सूरज का तीस दिनों तक कोई अता-पता नहीं है। फिल्म कहानी में एक शेरिफ और उसकी पत्नी है, जो इन पिशाचों से मुकाबला करते हैं, जो रात के योद्धा हैं। पिशाचों के खिलाफ इस लड़ाई में इस महिला का पति अपनी जान गंवा बैठता है। फिल्म में जोश हार्टनेट और मेलिसा जॉर्ज ने पति-पत्नी का रोल प्ले किया है।

# 3 साल तक सिनेमाघरों में छाई रही ये फिल्म
# 80 साल बाद शोले ने तोड़ा था रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के जुबली स्टार की बात करें, तो जो नाम जुबान पर सबसे पहले आता है, वो नाम है राजेंद्र कुमार का। उनकी फिल्मों के लिए कहा जाता था कि वो जो भी करते थे, वो सिल्वर जुबली जरूर मनाती थी। सिर्फ हीरो ही नहीं, हिंदी फिल्म के इतिहास में एक एक्ट्रेस भी ऐसी रही हैं, जो जुबली गर्ल के नाम से जानी गईं। उनकी फिल्मों ने जो इतिहास रचा उसे बॉक्स ऑफिस पर तोड़ने में बॉलीवुड को पूरे अस्सी साल तक इंतजार करना पड़ा। इस एक्ट्रेस का नाम था मुमताज शांति, जिन्होंने अपने फिल्मी कॅरियर में एक से बढ़कर एक फिल्म में काम किया।



***देश की पहली जुबली गर्ल*** : ये बात बंटवारे के दौर से भी पहले की है, जब हिंदी फिल्मों में एक एक्ट्रेस हुआ करती थीं मुमताज शांति। उन्हें जुबली गर्ल का नाम दिया गया था। बात चालीस के दशक के आसपास की होगी, जब मुमताज शांति की खूबसूरती और एक्टिंग का कोई मुकाबला नहीं था। मुमताज शांति ने पंजाबी फिल्मों से इंड्स्ट्री में कदम रखा था। उनकी पहली फिल्म थी सोहनी कुमारन। उनकी दूसरी पंजाबी फिल्म थी मंगती, जो 1942 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने डायमंड जुबली मनाई थी। इसके बाद मुमताज शांति का नाम पंजाबी फिल्मों की सुपरस्टार के तौर पर लिया जाने लगा था। पंजाबी फिल्मों में नाम कमाने के बाद मुमताज शांति ने हिंदी फिल्मों का रुख किया।

### पहली हिंदी फिल्म बसंत रही जुबली हिट

मुमताज शांति की पहली हिंदी फिल्म थी बसंत. ये फिल्म भी जुबली हिट रही थी। इस फिल्म में मधुबाला भी नजर आईं थीं। ये फिल्म करीब 76 हफ्ते तक थियेटर्स में रही थी। साल 1943 में वो अशोक कुमार के साथ किस्मत फिल्म में नजर आईं। इस फिल्म को देश की पहली ब्लॉकबस्टर मूवी माना जाता है, जिसने उस दौर में एक लाख के बजट में एक करोड़ की कमाई की थी। ये फिल्म लगातार तीन साल सिनेमा हॉल में लगी रही। 80 साल बाद ये रिकॉर्ड फिल्म शोले ने तोड़ा था।

## रहस्य, रोमांच, प्यार और अपराध की दुनिया का लगने वाला है मजेदार मजमा

# इस हफ्ते ओटीटी पर ये नई वेब सीरीज और फिल्में होंगी रिलीज

***नई दिल्ली।*** *नया हफ्ता, नई उम्मीदें, नया रोमांच। सिनेमाघरों में इस शुक्रवार, 8 अगस्त को अंदाज 2 रिलीज हो रही हैं। फिल्म को लेकर बहुत ज्यादा बज नहीं है। लेकिन ओटीटी के पिटारे में इस हफ्ते एक के बाद एक ऐसी नई सीरीज और फिल्में हैं, जो आपके वीकेंड का मजा कई गुना बढ़ा सकती हैं। अगले सात दिनों में ओटीटी पर रहस्य, रोमांच, प्यार और अपराध की दुनिया का मजेदार मजमा लगने वाला है। मौनी रॉय और नवीन कस्तूरिया की जासूसी वेब सीरीज सलाकार जहां अतीत से वर्तमान तक, राष्ट्रीय सुरक्षा के रोमांच को बढ़ाने वाली हैं, वहीं नेटफ्लिक्स की रिकॉर्ड तोड़ सीरीज 'वेडनेसडे' के सीजन 2 का पार्ट 1 भी रिलीज होने वाला है। 'मिकी 17' में जहां रॉबर्ट पैटिंसन दिल लूटने आ रहे हैं, वहीं मायासभा, मामन और अरबिया कदली जैसी साउथ की फिल्में और सीरीज भी आ रही हैं।*

**सलाकार** : सलाकार वेब सीरीज की कहानी साल 1978 और साल 2025 के दो टाइमलाइन में चलती है। यह एक जासूसी थ्रिलर सीरीज है, जिसमें एस्पिरेंट्स फेम नीन कस्तूरिया ने अधीर का किरदार निभाया है। वह एक सीक्रेट एजेंट है, जिसने शीत युद्ध के दौरान पाकिस्तान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं को असफल बनाने में देश की मदद की थी। अधीर अब भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के पद पर है। देश की सुरक्षा पर फिर से खतरा मंडरा रहा है। राजनीति में तनाव बढ़ रहा है। ऐसे में अधीर को अपने अतीत के अनसुलझे खतरों का भी सामना करना होगा। इस सीरीज में मौनी रॉय, मुकेश ऋषि, अश्वथ भट्ट, पूर्णेंदु भट्टाचार्य और सूर्या शर्मा भी हैं। सलाकार वेब सीरीज ओटीटी पर शुक्रवार, 8 अगस्त को रिलीज होने वाली है।

**मायासभा** : मायासभा मूल रूप से तेलुगू में बनी पॉलिटिकल-ड्रामा सीरीज है। कहानी 1990 के दशक के आंध्र प्रदेश की अशांत राजनीति की है। यह कॉलेज के



दो आदर्शवादी दोस्तों, ककरला कृष्णमा नायडू (आधि पिनिसेट्टी) और एमएस रामी रेड्डी (चैतन्य राव) की कहानी कहती है। दोनों राजनीति को बदलने का साझा सपना देखते हैं। लेकिन, इस राह में महत्वाकांक्षा की लड़ाई, विश्वासघात और विचारधाराओं का टकराव है। जैसे-जैसे वे आगे बढ़ते हैं, राजनीतिक दिग्गज बनते हैं, उनकी दोस्ती सत्ता संघर्ष, गुपचुप समझौतों और एक भयंकर प्रतिद्वंद्विता में बदल जाती है। उनकी दुनिया में तब और उथल-पुथल मच जाती है, जब कहानी में एक करिश्माई फिल्म स्टार की एंट्री होती है। वह अब राजनेता बन जाता है। इस सीरीज में दिव्या दत्ता, साई कुमार, नासर, रवींद्र विजय, श्रीकांत अयंगर, शत्रु और तान्या रविचंद्रन भी हैं। 'मायासभा' वेब सीरीज ओटीटी पर गुरुवार, 7 अगस्त को रिलीज हो रही है।

**अरबिया कदली** : अरबिया कदली एक तेलुगू सर्वाइवल ड्रामा वेब सीरीज है। यह समंदर किनारे बसने वाले दो गांव और उनके गांव वालों की कहानी है। ये गांव मछुआरों का है। दोनों गांव में हमेशा से एक-दूसरे को लेकर जबरदस्त कंपीटिशन रहा है। मछुआरों के एक ग्रुप गलती से अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में पहुंच जाता है। उन्हें एक विदेशी जमीन पर कैद कर लिया जाता है। बद्री और उसके साथी मछुआरे खतरनाक समुद्र, कैद और अन्याय से जूझते हैं। इधर, इस कहानी के साथ ही एक और कहानी चलती है, जहां गंगा (आनंदी) साहस और दृढ़ विश्वास के साथ सिस्टम को चुनौती देती है। वह शोषण और उत्पीड़न के खिलाफ मिसाल बनकर उभरती है। सीरीज में सत्य देव और आनंदी लीड रोल में हैं। जबकि साथ में नासर, रघु बाबू, दलीप ताहिल, पूनम बाजवा और हर्ष रोशन भी हैं। अरबिया कदली वेब सीरीज शुक्रवार, 8 अगस्त को रिलीज होगी।

**मामन** : मामन एक तमिल फैमिली ड्रामा फिल्म है। यह मई के महीने में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। कहानी त्रिची में रहने वाले मामन इनबा (सूरी) के इर्द-गिर्द घूमती है। कहानी में चाचा-भतीजा हैं। मामन को अपनी बहन गिरिजा के बेटे लड्डू से बहुत प्यार है। कहानी में ट्विस्ट तब आता है, जब लड्डू की शादी डॉक्टर रेखा (ऐश्वर्या लक्ष्मी) से होती है। यह दिल को छू लेने वाली कहानी जल्द ही तनाव और पारिवारिक संघर्ष में बदल जाती है, क्योंकि लड्डू का बेमेल प्यार इनबा और रेखा के रिश्ते में दरार डाल देता है।

## सफाई दरोगा भाविका थाईलैंड में करेंगी ताइक्वांडो में प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

नगर पंचायत सरिया के लिए गर्व का अवसर तब आया, जब यहां पदस्थ सफाई दरोगा मिस भाविका पांडेय का चयन थाईलैंड में आयोजित होने वाली आठवीं अंतर्राष्ट्रीय सीनियर महिला ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2025 के लिए हुआ। यह प्रतियोगिता 9 और 10 अगस्त को पटाया, थाईलैंड के पूर्वी राष्ट्रीय खेल प्रशिक्षण केंद्र, इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित होगी, जिसे हीरोज ताइक्वांडो द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में विभिन्न देशों के खिलाड़ी भाग लेंगे और भाविका पांडेय छत्तीसगढ़ की ओर से महिला वर्ग में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी।

**खास बातें**
- सरिया नगर पंचायत में सफाई दरोगा हैं भाविका पांडेय



थाईलैंड रवाना होने से पहले मंगलवार को नगर पंचायत सरिया के अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल, पार्षदगण और नगर पंचायत के कर्मचारियों ने अटल परिसर सरिया में भाविका पांडेय का भव्य सम्मान किया। इस अवसर पर उन्हें गुलदस्ता भेंट कर अभिनंदन किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल ने इस मौके पर कहा कि नगर पंचायत की एक महिला कर्मचारी का अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चयन होना सरिया के लिए गौरव की बात है और यह नारी सशक्तिकरण का सशक्त उदाहरण है। उन्होंने विश्वास जताया कि भाविका पांडेय अपनी मेहनत और संघर्ष से न केवल सरिया बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करेंगी। भाविका पांडेय ने सम्मान और शुभकामनाओं के लिए नगर पंचायत परिवार का आभार जताते हुए कहा कि यह आप सबके आशीर्वाद और भरोसे का नतीजा है कि मुझे यह अवसर मिला है। उन्होंने वादा किया कि कड़ी मेहनत और लगन के बल पर इस बार भी अंतर्राष्ट्रीय मंच पर बेहतरीन प्रदर्शन करेंगी और ताइक्वांडो में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने का प्रयास करेंगी। इस सम्मान समारोह में महिला पार्षदों ने भी भाविका पांडेय को गुलदस्ता भेंट कर शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी, पार्षदगण और बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे। पूरे सरिया में इस उपलब्धि को लेकर खुशी का माहौल है और लोगों को उम्मीद है कि भाविका पांडेय थाईलैंड से पदक लेकर लौटेंगी।

### खबर संक्षेप



### आकाश की अगुवाई में जत्था पहुंच रहा बाबा धाम

**पुसौर।** सावन माह की पवित्रता और शिवभक्ति की परंपरा को जीवंत रखते हुए पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं प्रदेश कांग्रेस सचिव आकाश मिश्रा पिछले 19 वर्षों से लगातार कांवर यात्रा का नेतृत्व कर रहे हैं। इस बार भी ग्राम बुनगा से प्रारंभ हुई यात्रा में 400 से अधिक श्रद्धालुओं ने भाग लिया और बाबा भोलेनाथ के दरबार में पहुंचकर अपनी श्रद्धा अर्पित की।
यात्रा के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से युवाओं को जोड़ते हुए आकाश मिश्रा ने इसे वृहद रूप दिया। जत्था जहां भी ठहरता है, भोजन की व्यवस्था स्वयं करता है। अपने अनुभव साझा करते हुए मिश्रा ने बताया कि बाबा भोलेनाथ की अपूर्व कृपा से यात्रा हर वर्ष सफल होती है, लोग स्वतः ही जुड़ते जाते हैं और आने-जाने सहित संपूर्ण व्यवस्था सुचारू रूप से पूर्ण हो जाती है। यह कांवर यात्रा शिवभक्ति, एकजुटता और सामूहिक श्रद्धा का प्रतीक बन चुकी है, जो वर्षों से अनवरत जारी है।

### फेडरेशन की बैठक में कार्यकारिणी का विस्तार

**खरसिया।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन शाखा खरसिया की बैठक 4 अगस्त को रेस्ट हाउस में संपन्न हुई। बैठक में 22 अगस्त को प्रस्तावित आंदोलन की तैयारी पर चर्चा हुई और कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। रमन यादव, मान साय यादव, गिरजाशंकर शुक्ला को संरक्षक, दीनबंधु जायसवाल को संयोजक, गुलाब सिंह कंवर को उप संयोजक, बृजेश कुमार शर्मा को महासचिव और नोहर साय गबेल को कोषाध्यक्ष बनाया गया। महिला प्रकोष्ठ का संयोजन गीता जायसवाल, पुनीता जायसवाल और चंद्रकला गबेल को सौंपा गया। अन्य पदों पर भी जिम्मेदारियां तय करते हुए आंदोलन की रणनीति पर सहमति बनाई गई।

### बरगढ़ धाम में हजारों ने किया प्रसाद ग्रहण

**खरसिया।** सावन के आखिरी सोमवार को प्रसिद्ध सिद्धेश्वर नाथ मंदिर बरगढ़ धाम में भव्य महा भंडारे का आयोजन हुआ। दिव्या राधा फ्यूल्स के आशुतोष तिवारी, रिया ट्रेडर्स के मनीष जसपाल के संयुक्त प्रयास और प्रवीण विजय जायसवाल, कमल जाधव के सहयोग से हुए इस आयोजन में रात्रि 12 बजे से सुबह 7 बजे तक हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में लेना साहू, दीप्ति भारद्वाज, रानी भारद्वाज, अनामिका कुम्हार, सरपंच घनश्याम सिदार, पिंटू जायसवाल सहित अनेक भक्तों ने सहयोग दिया।

### वेयर हाउस में पौधरोपण रक्तचंदन भी लगाया



**पुसौर।** पुसौर क्षेत्र के औरदा रोड स्थित शासकीय बेयर हाउस में खाली पड़ी जगहों पर वृहद स्तर पर पौधरोपण किया जा रहा है। यहां के प्रबंधक राघव ने बताया कि यह अभियान उनके कार्यभार संभालने के बाद से ही स्थापना दिवस के अवसर पर शुरू हुआ और लगातार जारी है। बेयर हाउस परिसर में पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए ऐसे पौधे लगाए जा रहे हैं, जो भविष्य में क्षेत्र को छायादार और फलदार बना सकें। इसी क्रम में हाल ही में एक दुर्लभ रक्तचंदन का पौधा भी रोपित किया गया है। साथ ही, परिसर में गेट, खिड़की आदि आवश्यक संरचनाओं की भी मरम्मत व स्थापना की जा रही है। राघव ने कहा कि इन प्रयासों से बेयर हाउस का वातावरण न केवल हराभरा होगा, बल्कि आने वाले वर्षों में यहां आने वालों को छांव और हरियाली का लाभ मिलेगा।

### सात माह के इंतजार के बाद बेरोजगार युवाओं के सपनों पर पानी

## महीनों का इंतजार, आखिर में आत्मानंद विद्यालय की 35 पदों की भर्ती निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरमकेला

सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में शिक्षकों के 35 पदों पर निकली संविदा भर्ती को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय ने निरस्त कर दिया है। यह भर्ती लगभग सात माह पहले निकाली गई थी, जिस पर बेरोजगार युवाओं की निगाहें टिकी हुई थीं। आज के समय में जहां सरकारी नौकरी पाना दिन-ब-दिन कठिन होता जा रहा है, वहीं यह फैसला सैकड़ों अभ्यर्थियों के लिए गहरा झटका साबित हुआ है।

छत्तीसगढ़ में इस समय हजारों डीएड और बीएड धारक शिक्षित बेरोजगार हैं, जो नियमित शिक्षक भर्ती का इंतजार कर रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों से शिक्षक पदों पर वैकेंसी न निकलने के कारण युवाओं का धैर्य टूटने लगा था। ऐसे में आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों में संविदा शिक्षकों की भर्ती का विज्ञापन उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं था। आवेदन प्रक्रिया के दौरान बड़ी संख्या में युवा आगे आए और उन्होंने इस उम्मीद से तैयारी शुरू कर दी कि अब उन्हें पढ़ाने का मौका मिलेगा।




#### सात महीने से इंतजार में थे युवा

भर्ती प्रक्रिया की शुरुआत करीब सात माह पहले हुई थी। दस्तावेज सत्यापन और चयन सूची जारी होने का इंतजार करते-करते अभ्यर्थियों का धैर्य जवाब देने लगा था। लेकिन 4 अगस्त को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय ने आदेश जारी कर पूरी भर्ती को निरस्त करने की घोषणा कर दी। इस आदेश ने उन युवाओं की मेहनत, समय और उम्मीदों को एक झटके में खत्म कर दिया। इससे युवाओं में आक्रोश भी बढ़ रहा है।

#### भविष्य पर मंडराते सवाल

इस घटना ने न केवल आत्मानंद विद्यालय भर्ती में शामिल अभ्यर्थियों को प्रभावित किया है, बल्कि प्रदेशभर में शिक्षित बेरोजगारों के मन में यह डर बैठा दिया है कि भविष्य में भी भर्तियों के साथ ऐसा हो सकता है। युवाओं का कहना है कि अगर प्रशासन ने भर्ती प्रक्रिया में शुरुआत से ही पारदर्शिता और निगरानी रखी होती, तो आज यह स्थिति नहीं बनती।

#### भर्ती में अनियमितताओं की पुष्टि

जिला शिक्षा अधिकारी के आदेश के अनुसार भर्ती प्रक्रिया के दौरान भारी अनियमितता और लापरवाही सामने आई थी। इस पर जांच के लिए एक टीम गठित की गई, जिसने अपनी रिपोर्ट में शिकायतों को सही पाया। इसके बाद नियमों के उल्लंघन को देखते हुए पूरी भर्ती प्रक्रिया को रद्द कर दिया गया। इस संबंध में जब डीईओ जे.आर. डहरिया से बात करने की कोशिश की गई तो उनसे संपर्क नहीं हो सका।

#### अभ्यर्थियों में गुस्सा और मायूसी

भर्ती निरस्त होने की खबर मिलते ही अभ्यर्थियों में आक्रोश और निराशा फैल गई। कई युवाओं का कहना है कि सात माह तक उम्मीद जगाने के बाद अचानक भर्ती रद्द करना प्रशासन की गंभीरता पर सवाल उठाता है। एक अभ्यर्थी ने कहा कि हमने आवेदन शुल्क, दस्तावेज, यात्रा और तैयारी पर काफी खर्च किया। अब बिना किसी ठोस समाधान के भर्ती खत्म कर दी गई। यह हमारे साथ अन्याय है। इसी तरह दूसरे उम्मीदवार का कहना था कि सरकारी भर्ती तो आती नहीं, और जो आती है वो भी रद्द हो जाती है। हम आखिर कब तक इंतजार करें?"



## ओपीजेयू में इंडस्ट्री 4.0 पर अटल फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम

हरिभूमि न्यूज ⏭ तमनार

ओपी जिंदल विश्वविद्यालय, रायगढ़ के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा "रोबोटिक्स एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की इंडस्ट्री 4.0 में भूमिका" विषय पर एक सप्ताहीय अटल फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का शुभारंभ 4 अगस्त को किया गया। यह कार्यक्रम एआईसीटीई की अटल अकादमी के तत्वावधान में 9 अगस्त तक चलेगा।

कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर समन्वयक डॉ. महेश भिवापुरकर ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य शिक्षकों को आधुनिक औद्योगिक रुझानो विशेषकर इंडस्ट्री 4.0, रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से परिचित कराना है, ताकि वे छात्रों को भविष्य की औद्योगिक जरूरतों के अनुरूप तैयार कर सकें। कुलपति डॉ. आर.डी. पाटीदार ने अपने संबोधन में कहा कि एआई और रोबोटिक्स जैसी उभरती तकनीकें उद्योग जगत में क्रांतिकारी बदलाव ला रही हैं। विश्वविद्यालय का प्रयास है कि शिक्षक स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन की दिशा में अपडेट रहें। विशिष्ट अतिथि वैभव चंद्र केसरीवानी, हेड सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, जेके लक्ष्मी सीमेंट, ने डेटा एनालिटिक्स और स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग के व्यावहारिक पहलुओं पर चर्चा की। वहीं मुख्य अतिथि डॉ. बीबीवी एल दीपक, राउरकेला, ने मानव-रोबोट सहयोग की बढ़ती आवश्यकता और उसके संभावित लाभों पर प्रकाश डाला।

## आवारा पशुओं पर रोक लगाने नगर पालिका खरसिया की पहल

**खरसिया।** नगर पालिका परिषद खरसिया कार्यालय भवन में मंगलवार, 5 अगस्त 2025 को गौ सेवकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें नगर में आवारा पशुओं की समस्या पर ठोस कदम उठाने का निर्णय लिया गया। बैठक में तय किया गया कि सड़कों पर घूम रहे आवारा पशुओं को पकड़कर अस्थायी गौठान—वसुन्धरा राजे सिंधिया उद्यान में सुरक्षित रखा जाएगा।



नगर के गौ पालकों से अपील की गई है कि वे अपने पशुओं को खुला न छोड़ें, जिससे सड़क दुर्घटनाओं और यातायात बाधा की समस्या से बचा जा सके। इस अभियान में नगर पालिका कर्मचारियों के साथ गौ सेवकों की भी ड्यूटी लगाई गई है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती नीतू अग्रवाल ने स्पष्ट किया कि नगर में घूमते पाए जाने वाले पशुओं के मालिकों पर जुर्माना लगाया जाएगा। पहली बार 200 रुपए, दूसरी बार 500 रुपए और तीसरी बार 1000 रुपए। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल सार्वजनिक सुरक्षा के लिए बल्कि आवारा पशुओं के संरक्षण और शहर को स्वच्छ व सुरक्षित बनाने के लिए भी महत्वपूर्ण है। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष कमल गर्ग, उपाध्यक्ष बंटी सोनी, सफाई सभापति अरुण चौधरी, सामाजिक कार्यकर्ता गायत्री केशरवानी, गौ सेवा समिति के सदस्य, गौ सेवक तथा नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



### छात्रा का संभाग स्तरीय वेट लिफ्टिंग में चयन

**पुसौर।** शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के तहत रायगढ़ स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय वेट लिफ्टिंग मुकाबले में अभिनव विद्या मंदिर पुसौर की कक्षा 11वीं की छात्रा प्रीति साहू ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रीति का चयन सीनियर बालिका वर्ग में संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इस उपलब्धि की जानकारी व्यायाम निर्देशक राहुल वैष्णव ने दी। उन्होंने बताया कि संभाग स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 11 अगस्त को बिलासपुर में होगा। संस्था के प्राचार्य अक्षय कुमार सतपथी और नगर पंचायत उपाध्यक्ष उमेश साव ने प्रीति साहू एवं उनके कोच को बधाई देते हुए आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं।

## घरघोड़ा अंधेरे में डूबा विभाग गहरी नींद में

*बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो सड़क पर उतरेंगे*

**घरघोड़ा।** बिजली जाएगी 3 घंटे के लिए ये एक आम मैसेज बन गया है घरघोड़ा के नागरिकों के मोबाइल में। लेकिन हकीकत ये है कि जाती तो है 3 घंटे के लिए लौटती है 6 घंटे बाद भी नहीं ! बिजली विभाग की इस मनमानी और लापरवाही ने लोगों के सब्र की हदें तोड़ दी हैं।

बारिश हो धूप हो या सिर्फ बादल ही छा जाएं बिजली गायब। जैसे घरघोड़ा की लाइनें काँच की बनी हों हल्की हवा और हल्की बूंद से टूट जाती हैं। जनता की जुबानी अब बस बहुत हो गया घरघोड़ा के निवासी अब थक चुके हैं। छात्रों की पढ़ाई अधर में लटक गई है। दुकानदार खाली बैठ कर ग्राहक गिन रहे हैं। गृहिणियाँ परेशान हैं न मशीन चलती है न पंखा। बुजुर्गों और बीमारों की स्थिति और भी दयनीय हो जाती है। क्या हर बार बिजली विभाग से




- न सिस्टम सुधरा, न सुनवाई कब तक झेलेगी जनता ये बिजली की

निवेदन करना पड़ेगा। क्या ये सुविधा अब भगवान भरोसे है। प्रकाश यादव, स्थानीय नागरिक सुधार की बजाय बहाने सवालों के जवाब नहीं जब भी सवाल उठाओ, तो जवाब आता है लाइन में फॉल्ट है स्टाफ नहीं है काम चल रहा है। लेकिन ये बहाने कब तक क्या घरघोड़ा रायगढ़ जिले का हिस्सा नहीं है क्या यहां के नागरिक सेकेंड क्लास के हैं। विकास की बातें सिर्फ मंचों तक ज़मीनी हकीकत कड़वी है। जहां एक ओर सरकारें 24 घंटे बिजली देने की बात करती हैं वहीं घरघोड़ा में 24 घंटे में 6 घंटे भी बिजली टिक जाए तो त्योहार लगता है।

जनप्रतिनिधियों की चुप्पी भी सवालों के घेरे में है। आखिर कब तक अधिकारी और नेता आंखें मूंदे बैठेंगे। जनता की चेतावनी सुधार नहीं हुआ, तो सड़कों पर उतरेंगे। घरघोड़ा की जनता अब चुप नहीं बैठेगी। अगर समय रहते बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो जमीन पर आंदोलन होगा जिम्मेदारों की जवाबदेही तय होनी चाहिए। बिजली हमारी ज़रूरत है कोई खैरात नहीं। अब हम चुप नहीं रहेंगे। घरघोड़ा की जनता की एकजुट हुंकार।

## मांगों को लेकर दिव्यांगजन पहुंचे मुख्यमंत्री के गृह ग्राम

**घरघोड़ा।** छत्तीसगढ़ दिव्यांग सेवा संघ द्वारा अपनी छः सूत्रीय मांगों को लेकर 26 मार्च से रायपुर के तूता धरना स्थल पर हड़ताल जारी है, लेकिन अब तक शासन की ओर से कोई ठोस प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। इसी क्रम में 4 अगस्त, को जशपुर से करीब 120 दिव्यांगजन अपने मांगों के समर्थन में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के गृह ग्राम बगिया पहुंचे। यहां उन्होंने पहले शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना की कि उनकी सभी मांगें जल्द पूरी हों, इसके बाद मुख्यमंत्री के गृह निवास पहुंचे। हालांकि मुख्यमंत्री उस समय मौजूद नहीं थे, लेकिन दिव्यांग संघ के पदाधिकारियों ने उनके प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा।

## अंबेटिकरा से किलकिलेश्वर धाम तक कांवड़ यात्रा

**धरमजयगढ़।** विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी बोल बम कांवड़िया समिति धरमजयगढ़ के तत्वावधान में अंबेटिकरा से किलकिलेश्वर धाम तक कांवड़ यात्रा का आयोजन हुआ, जिसमें लगभग 2,000 से 2,500 श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा के दौरान जगह-जगह सेवा बम व श्रद्धालुओं ने कांवड़ियों का भव्य स्वागत किया और भोजन, फलाहार, चाय-नाश्ता व ठहरने की व्यवस्था की।



अंबेटिकरा में शाहपुर के युवाओं ने बाहर से आए श्रद्धालुओं के लिए भजन-भोजन और विश्राम की व्यवस्था की। पिपरमार में मनोज अग्रवाल व परिवार ने विभिन्न व्यंजनों का भंडारा किया, सिसरिंगा बंजारी मंदिर में पार्षद जानू सिदार व संजीव मंडल ने फलाहार-खिचड़ी वितरित की। नोनाइजोर में विकास महापात्र ने चाय-बिस्किट, हलवा, रायरुमा में दुहन चौहान व ग्रामीणों ने खीर-पूड़ी, साहू ढाबा चरखापारा में खीर और चौक में पकौड़े, पत्थलगांव में बडगड़िया परिवार ने भोजन और इंजको ग्राम में चाय-पानी की व्यवस्था की।

## प्राथमिक शाला दहिदा में पालक-शिक्षक मेगा बैठक

**कटेली।** कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे के निर्देशन और जिला शिक्षा अधिकारी जेआर डहरिया के मार्गदर्शन में सारंगढ़ विकासखण्ड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला दहिदा में प्रधान पाठक प्रियंका गोस्वामी की अगुवाई में प्रथम पालक शिक्षक मेगा बैठक का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की पूजा अर्चना से हुआ, इसके बाद पालकों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य बच्चों के शारीरिक, मानसिक और सर्वांगीण विकास के लिए पालक और शिक्षक के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना, बच्चों की प्रगति से पालकों को अवगत कराना था।

### फोरलेन को भटगांव से बाईपास बनाने की भी रखी गई मांग

## जनदर्शन में आवास, राशन व शौचालय के ज्यादा आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन में जिले के नागरिकों से सीधे रूबरू होकर उनकी समस्याएँ और मांगें सुनीं। इस दौरान विभिन्न विभागों से जुड़े कई आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें सबसे अधिक प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड और शौचालय निर्माण से संबंधित थे।

कलेक्टर को मिले आवेदनों में प्रधानमंत्री आवास योजना के 11, बरमकेला ब्लॉक के ग्राम मारोदरहा से शौचालय निर्माण के 7, पेंशन का 1, मचगोढा से 1, राशन कार्ड में नाम जोड़ने, नया कार्ड बनवाने और मृत घोषित व्यक्ति को जीवित दर्ज कराने से संबंधित 9 आवेदन शामिल हैं। भूमिहीन मजदूर कल्याण योजना के तहत ग्राम नावांपाली से 4, विष्णुपाली से 2, मारोदरहा से 1 और बोईरडीह से 1 आवेदन प्राप्त हुए। वहीं महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए ग्राम झनकपुर से 3 आवेदन आए। जनदर्शन में रायपुर–सारंगढ़ फोरलेन सड़क को भटगांव से होकर बाईपास बनाने की मांग भी की गई। इसके अलावा ग्राम बालपुर से आए एक आवेदन में सांप के काटने से मृत युवक की आपदा सहायता राशि को लेकर विवाद सामने आया। पिता का कहना है कि पुत्र की मृत्यु के बाद से बहू का ससुराल पक्ष से कोई संबंध नहीं है, इसलिए राशि उन्हें दी जाए।



#### चौड़ीकरण को लेकर उलखर में दो पक्ष आमने-सामने

सारंगढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत उलखर के सरपंच और अन्य ग्रामीणों ने सड़क किनारे 5 फीट चौड़ीकरण के लिए अतिक्रमण हटाने की मांग की, वहीं उसी गांव के तीन अन्य व्यक्तियों ने मकान को नुकसान से बचाने के लिए चौड़ीकरण रोकने का आवेदन दिया।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411